**श्री संदीप कुमार आर० पुडकलकट्टी, सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–15.11.2024 को विभागीय पदाधिकारियों एवं मुख्य अभियंताओं के साथ विभाग अंतर्गत स्वीकृत रिक्त पदों के रोस्टर क्लियरेंस के संबंध में आयोजित बैठक की कार्यवाही**

उपस्थिति :

(i) मो० तारिक इकबाल, विशेष सचिव, लघु जल संसाधन विभाग।

(ii) श्री सुशांत कुमार, संयुक्त सचिव, लघु जल संसाधन विभाग।

(iii) श्री सुनील कुमार, मुख्य अभियंता, यो०+अनु०+भूगर्भ, लघु जल संसाधन विभाग।

(iv) मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना, मुजफ्फरपुर एवं भागलपुर।

(v) श्री अजय कुमार, उप सचिव, लघु जल संसाधन विभाग।

(vi) श्री रंजीत मंडल, कार्यपालक अभियंता (मु०) अनुश्रवण, लघु जल संसाधन विभाग।

2. संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि विभागीय मुख्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय अंतर्गत पूर्व से सृजित पदों, जिनकी नियमावली गठित नहीं है, उन पदों के लिए अन्य विभागों में समरूप पदों के लिए गठित नियमावली को इस विभाग में adopt करने अथवा उसके अनुरूप नियमावली गठित करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जाए।

**(अनुपालन–विशेष सचिव/श्री सुशांत कुमार, अपर सचिव/मुख्य अभियंता, PMG)**

3. विभाग अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए पूर्व से सृजित पदों एवं उन पदों की वर्तमान परिस्थिति में आवश्यकता के संबंध में चर्चा की गई। वैसे पदों, जिनकी अब आवश्यकता नहीं है, उन पदों का प्रत्यर्पण करने तथा नए पदों के सृजन/पूर्व से सृजित पदों, जिनकी वर्तमान में पदों की संख्या में वृद्धि की आवश्यकता है, के संबंध में गठित कमिटी द्वारा एक सप्ताह में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। तदोपरांत इस संबंध में प्रशासी पदवर्ग समिति के लिए संलेख प्रारूप तैयार कर उपस्थापित किया जाए।

**(अनुपालन–श्री सुशांत कुमार, अपर सचिव/मुख्य अभियंता, PMG/श्री अजय कुमार, उप सचिव)**

4. निदेश दिया गया कि क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए स्वीकृत रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु रोस्टर क्लियरेंस करते हुए दिनांक–30.11.2024 तक संचिका में प्रस्ताव उपस्थापित किया जाए।

**(अनुपालन– श्री सुशांत कुमार, अपर सचिव/मुख्य अभियंता, PMG)**

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

18-11-24

**सचिव,**
लघु जल संसाधन विभाग,
बिहार

ज्ञापांक– 113/ सचिव (को०) / ल०ज०सं०वि० / पटना, दिनांक– 18/11/24

प्रतिलिपि–मुख्य अभियंता (योजना+अनु०+भू०) / मुख्य अभियंता, पटना, मुजफ्फरपुर एवं भागलपुर, लघु जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18-11-24

सचिव,
लघु जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक– 113/ सचिव (को०) / ल०ज०सं०वि० / पटना, दिनांक– 18/11/24

प्रतिलिपि–विशेष सचिव / सभी अपर सचिव / उप सचिव / संबंधित पदाधिकारी / अधीक्षण अभियंता (योजना+स्थापना) / आई०टी० मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18-11-24

सचिव,
लघु जल संसाधन विभाग